तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


## खबर संक्षेप

### महुआ शराब बरामद दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम पदरडीह में महुआ शराब बिक्री कर रहे दो लोगों के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में आरोपी भुनेश्वर कोंद पिता बालकराम कोंद (33 साल) पदरडीह व टीकाराम कुर्रे पिता गोटीलाल कुर्रे (22 साल) सावित्रीपुर के कब्जे से कुल 30 लीटर महुआ शराब कीमत 6000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बड़े भाई ने की मारपीट

**महासमुंद।** बारात जाने की बात पर मारपीट के मामले में कोमाखान थाने में एक व्यक्ति के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। प्रार्थी छबिलाल पटेल ने पुलिस को बताया कि उसके बड़े भाई हीरालाल पटेल पिता अगनूराम पटेल के द्वारा उसके साथ 20 फरवरी की दोपहर को बारात जाने के संबंध में गाली गलौच एवं मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।



### भाई ने बहन के साथ की मारपीट

**महासमुंद।** बहन के साथ मारपीट कर आपत्तिजनक हरकत करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने माता-पिता व प्रार्थिया की शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस को प्रार्थिया ने बताया कि 20 अक्टूबर 2024 की रात 11.45 बजे उसका भाई घर आया और मां-बाप के साथ गाली गलौच कर कमरे के दरवाजे को धक्का देकर अंदर आकर मारपीट करते हुए गलत नीयत से अंगों को छूने लगा। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने इसी तरह की हरकत 21 दिसंबर को भी की थी। जिस पर रात को वाहन 112 को सूचना दिया, इसके बाद आरोपी को थाना ले जाया गया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 74, 296, 115(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### 25 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम मेमराडीह में एक व्यक्ति के कब्जे से पिथौरा पुलिस ने देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि हरियाली ढाबा के पास आरोपी टेकराम साहू पिता स्व घनश्याम साहू (58 वर्ष) मेमराडीह के कब्जे से 25 पौवा प्लेन देशी शराब कीमत 2000 रूपये को बरामद किया गया। मामले धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# पीएससी की परीक्षा में नहीं बैठे 522, छत्तीसगढ़ और केंद्रीय बजट पर पूछे प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन जिले के निर्धारित 10 परीक्षा केंद्रों में दो पालियों में आयोजन किया गया। पीएससी परीक्षा के लिए कुल पंजीकृत अभ्यर्थी संख्या 2585 थे। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित की गई। जिसमें 2063 परीक्षार्थी उपस्थित और 522 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे और वहीं द्वितीय पाली में कुल 2033 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं 552 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थी आधे घंटे पहले ही पहुंच गए थे। कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षार्थियों को केंद्रों में प्रवेश दिया गॅया। पहले दिन भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने मिली जुली प्रतिक्रिया दी। पीएससी परीक्षा देने के लिए दूरदराज से परीक्षार्थी आए हुए थे। राजिम से आए परीक्षार्थी रामकुमार नायक ने बताया कि प्रश्नों की संख्या कुल 100 थी। दो घंटे का समय दिया गया था।

कुल 200 अंक का प्रश्न-पत्र था। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित किए गए थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने पिछले साल भी पीएससी की परीक्षा दी थी, उस प्रश्न-पत्र से आसान प्रश्न-पत्र आया था। वहीं डिगेश कुमार ने बताया कि प्रश्न-पत्र का सामान्य ज्ञान, छत्तीसगढ़ से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे। जो काफी सरल थे। वर्तिका साहू, सुनीता, वैभव ने बताया कि प्रश्न-पत्र मिला जुला था। पिछले साल से आसान था। केंद्रीय बजट से भी संबंधित प्रश्न पूछे गए थे।

## पिछले साल से आसान रहा पर्चा, केंद्रीय बजट पर भी पूछे गए सवाल

- राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन जिले के निर्धारित 10 परीक्षा केंद्रों में दो पालियों में हुआ



### केंद्रों का निरीक्षण

आयोग की सदस्य शाइदा उइके ने पीएससी परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया और व्यवस्था की जांच की। उन्होंने लगभग 6 परीक्षा केंद्रों का अवलोकन किया। नोडल अधिकारी शुभम थे। परीक्षा परीक्षा के दौरान सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रखी गई थी। केंद्रों के बाहर पुलिस तैनात थे और मुख्य गेट से परीक्षार्थियों व स्टाफ को ही भीतर जाने दिया गया।

## अपराध: बाइक और स्कूटी से अवैध परिवहन, पुलिस ने की कार्रवाई

# कोमाखान क्षेत्र में साढ़े छह लाख का गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बाइक और स्कूटी से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो लोगों को कोमाखान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से साढ़े छह लाख रुपए का 13 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि 21 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली की एक ग्रे रंग का टीवीएस रेडियान मोटर सायकल बिना नंबर एवं एक सफेद रंग का टीवीएस जुपीटर क्रमांक सीजी 04 एनटी 8981 में 02 व्यक्ति सवार होकर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं।

सूचना के बाद एनएच 353 रोड सुवरमाल चौक के पास नाकाबंदी की गई।

कुछ देर बाद संदेही वहां आए, जिन्हें रोका गया। पूछताछ में संदेहियों ने अपने नाम रविंद्र कुमार बघेल पिता महेश कुमार बघेल (40 साल) निवासी कंडीपार पोस्ट बिंछावाडा थाना गुंडासिवनी जिला सिवनी मध्यप्रदेश एवं समेलाल जयसवाल पिता अघनूराम जयसवाल (31 साल) निवासी मड़मड़ा बोडरा थाना पंडातराई जिला कवर्धा हाल पता संतोषी नगर वार्ड नंबर 50 थाना टिकरापारा रायपुर जिला रायपुर होना बताए। दोनों वाहनो में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखने के संबंध में पूछताछ करने पर गांजा को नुवापाडा ओडिसा के व्यक्ति के से लेना बताए। आरोपियों के कब्जे से कुल 13 किलोग्राम गांजा कीमत 6, 50, 000 रुपए, बाइक व स्कूट, मोबाइल को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



फाइल फोटो

### तालाब के पास शराब बेच रहे व्यक्ति पर कार्रवाई, 65 पौवा जब्त

हरनादादर में तालाब किनारे ठेला के पास शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ बागबाहरा पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से 65 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद किया गया है। पुलिस न बताया कि तालाब किनारे ठेला के पास ग्राम हरनादादर में आरोपी रवि सतनामी पिता धनीराम सतनामी (20 साल) के कब्जे से एक लाल कलर के प्लास्टिक बोरी मे भरी हुई कुल 65 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 5200 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध बागबाहरा थाने में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# एआई जनरेटेड तस्वीर दिखाकर ले लिया प्रथम पुरस्कार: विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- साय सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर, प्रशासनिक अधिकारी हुए बेलगाम: विनोद

छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन ड ब ल यू डी सी - पीएमकेएसवाई 2.0 योजनांतर्गत संचालित परियोजना जिले में एआई जनरेटेड तस्वीरों का इस्तेमाल कर ज ल संरचनाओं को दिखाया गया। जिले को गत दिनों राष्ट्रपति ने जिस उपलब्धि के लिए प्रथम पुरस्कार दिया है, दरअसल जमीनी स्तर पर इसमें कोई काम हुआ ही नहीं है। इस कार्य में जिस विभाग को कार्य एजेंसी बनाया गया। उसी के सबसे बड़े अधिकारी ने इस व्यापक भ्रष्टाचार को अंजाम देकर कलेक्टर को भी भ्रमित करने का कार्य किया है।



उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन द्वारा उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक डब्लूसीडीसी जिला-महासमुंद को उक्त योजना में जिले में हुई आर्थिक अनियमितताओं को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने पर व्यक्त की है। चंद्राकर ने कहा कि यह सम्मान का विषय है कि महासमुंद जिले को जल संरक्षण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि के आधार पर प्रथम पुरस्कार मिला है। लेकिन, उपसंचालक कृषि द्वारा जमीनी स्तर पर कार्य ना कराकर एआई जनरेटेड तस्वीर प्रस्तुत कर जिलाधीश को भ्रमित किया गया। धरातल पर कहीं भी चेक डैम, तालाब और पौधारोपण जैसे कार्य नहीं कराए गए। केवल कागजों में प्रोजेक्ट तैयार किया गया।

चंद्राकर ने कहा कि उक्त योजना की स्वीकृत राशि जो कि लाखों रुपए में है, जो एक कर्मचारी के निजी खाते में शासकीय योजना की राशि को जमा कर लिया गया है, जो वित्त निर्देश 32/2016 का खुला उल्लंघन है। जबकि, शासकीय भुगतान के लिये 5000 रुपए से ज्यादा होने पर शासन द्वारा ई-पेंमेट की व्यवस्था की गई है। भण्डार नियम 2002 यथा संशोधित नियम 2022 का पालन बिल्कुल ही नहीं किया गया है। इसी तरह बिल में पीआईए, डब्ल्यूडीटी का हस्ताक्षर प्रमाणीकरण भी नहीं कराया जा रहा है।

# 10 हजार किताबों के साथ सेंट्रल लाइब्रेरी होगी तैयार, छात्र कर पाएंगे स्मार्ट लर्निंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के विद्यार्थियों को जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त सेंट्रल लाइब्रेरी की सौगात मिलने जा रही है। निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है और आगामी समय में इसका लोकार्पण संभावित है। इस लाइब्रेरी से लगभग 500 छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी लाइब्रेरी

सेंट्रल लाइब्रेरी में लगभग 10 हजार किताबों का संग्रह रखा जाएगा। इसके साथ ही यहां स्मार्ट लर्निंग सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थी डिजिटल माध्यम से भी अध्ययन कर सकेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए यह सुविधा विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी।

### निर्माण कार्य अंतिम चरण में

करीब 90 लाख रुपये की लागत से तैयार हो रही इस लाइब्रेरी का निर्माण अब अंतिम चरण में है। भवन का अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य तेजी से किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा जल्द ही इसके उद्घाटन की तैयारी की जा रही है।



### पहले था जर्जर कार्यालय भवन

जिस स्थान पर यह लाइब्रेरी बनाई जा रही है, वहां पहले एक पुराना और जर्जर कार्यालय भवन था। उसे हटाकर आधुनिक स्वरूप में नया भवन तैयार किया गया है, ताकि छात्रों को बेहतर और सुरक्षित अध्ययन वातावरण मिल सके।

### छात्रों को मिलेगा बड़ा लाभ

इस लाइब्रेरी के शुरू होने से जिले के विद्यार्थियों को शांत और व्यवस्थित अध्ययन स्थल मिलेगा। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिलेगा। डिजिटल और स्मार्ट लर्निंग की सुविधा मिलेगी।

# टैक्स वसूली में मशक्कत, पालिका भर पाया 25 फीसदी की वसूली

## नोटिस के बाद भी जागरुकता की कमी, 75 फीसदी वसूली का भार अफसरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

टैक्स वसूली अभियान के संचालन के बावजूद पालिका को लक्ष्य की पूर्ति के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की टैक्स वसूली के लक्ष्य में से अब तक केवल 25 फीसदी ही वसूली हो पाई है। वहीं अब वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है और ऐसे में केवल माह भर में 75 फीसदी वसूली का भार पालिका कर्मियों और अफसरों पर है। अफसरों की मानें तो नोटिस जारी करने के बावजूद लोग टैक्स अदा करने में रुचि नही दिखा रहे हैं।

सबसे ज्यादा जलकर का बकाया

नगर में कुल बकाया राशि 417.75 लाख रुपये है, जबकि 108 लाख रुपये (25.95 प्रतिशत) की वसूली की जा चुकी है। नगर पालिका में 495 लाख रुपये का वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें अब तक केवल 17 प्रतिशत की ही वसूली हो पाई है। जलकर का बकाया 163.09 लाख रुपये (17 प्रतिशत) है, जबकि संपत्तिकर बकाया 120.07 लाख रुपये (34.41 प्रतिशत) और अन्य करों की वसूली भी अपेक्षाकृत कम रही है।




### दुकानों का बकाया

नगर में दुकानों का बकाया लगातार बढ़ता जा रहा है। दुकानों से कुल 13.09 लाख रुपये की वसूली की गई है, जबकि बकाया 40.07 लाख रुपये है। 31 मार्च तक 8.77 लाख रुपये की वसूली दर्ज की गई थी, वहीं 2.29 लाख रुपये बकाया रह गया था। वर्तमान में 26.11 लाख रुपये दुकानों से वसूली करना बाकी है।

### अभियान पर असर

कर्मचारियों की एसआईआर (विशेष अभियान) में ड्यूटी लगाए जाने के कारण टैक्स वसूली अभियान प्रभावित हो रहा है। कर्मचारियों का ध्यान अन्य कार्यों में लगने से नियमित वसूली नहीं हो पा रही है। नगर पालिका द्वारा बार-बार नोटिस जारी किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद नागरिक टैक्स जमा करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

## 132/33 केवी उपकेंद्र बागबाहरा की क्षमता वृद्धि से ओवरलोड की समस्या से राहत

# विद्युत आपूर्ति बेहतर करने बढ़ाई गई 132 केवी उपकेंद्र की क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा प्रदेश में निरंतर एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पारेषण क्षमता के विस्तार का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में 132/33 केवी उपकेंद्र बागबाहरा में स्थापित 40 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर नवीन 63 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर का सफलतापूर्वक ऊर्जीकरण किया गया। यह इस उपकेंद्र का दूसरा 63 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर है। यह कार्य मात्र दो माह में पूर्ण किया गया।



उल्लेखनीय है कि पूर्व में उपकेंद्र में 63 एमवीए एवं 40 एमवीए के ट्रांसफार्मर स्थापित थे, जिनकी कुल क्षमता 103 एमवीए थी। 40 एमवीए ट्रांसफार्मर के स्थान पर 63 एमवीए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने के पश्चात अब उपकेंद्र की कुल स्थापित क्षमता बढ़कर 126 एमवीए हो गई है। गत वर्ष पीक लोड सीजन के दौरान उपकेंद्र पर लगभग 90 एमवीए तक लोड दर्ज किया गया था, जिसके कारण ओवरलोड की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। नवीन ट्रांसफार्मर के समावेश से अब ओवरलोड की समस्या से राहत मिलेगी तथा विद्युत आपूर्ति अधिक स्थिर एवं गुणवत्तापूर्ण हो सकेगी। बागबाहरा उपकेंद्र में 132 केवी परसवानी लाइन एवं 132 केवी झलप लाइन से आपूर्ति प्राप्त होती है तथा 33 केवी के नौ फीडरों बागबाहरा (महासमुंद), टेमरी, सुनसुनिया, गोयनबहरा, टाउन, तेंदुकोना, मुनगासेर एवं खल्लारी के माध्यम से 150 से अधिक गांवों में विद्युत आपूर्ति की जाती है। इस क्षेत्र में उन्नत कृषि, कृषि आधारित उद्योग तथा अन्य औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं, जिन्हें इस क्षमता वृद्धि से विशेष लाभ प्राप्त होगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने पावर ट्रांसफार्मर का ऊर्जीकरण कर आपूर्ति प्रारंभ की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कंपनी के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह के निर्देशन में प्रदेश के पारेषण नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। विशेष रूप से आदिवासी, वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत अधोसंरचना को मजबूत करने पर प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर मुख्य अभियंता अब्राहम वर्गीस, अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरके तिवारी, अधीक्षण अभियंता वायके मनहर, पीके गढ़ेवाल, धनेश देवांगन, कार्यपालन अभियंता प्रशांत साहू, विंध्याचल गुप्ता, सहायक अभियंता प्रदीप साहू, लता जगत, नारायण प्रसाद लोधी एवं दीपक सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इससे कृषकों एवं उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी तथा ग्रामीण अंचलों के विकास को नई गति मिलेगी।

# सीसी नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे नपाउपाध्यक्ष



**महासमुंद।** नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने नगर पालिका द्वारा अधोसंरचना मद से निर्माणाधीन सीसी नाली का निरीक्षण करने जैन मंदिर के सामने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि महामाया मंदिर से लेकर गांधी चौक तक सीसी नाली का निर्माण जारी है। राठी ने बताया कि जहां से नाली निर्माण प्रारंभ किया गया, वहां से छोड़ कर आगे से बनाया जा रहा है। ठेकेदार को कहा गया कि यह व्यस्तम मार्ग है। शीघ्र नाली निर्माण करें। नाली को खोदाई कर न छोड़े, इससे निवासरत लोगों को परेशानी होगी। खोदाई के बाद मलबा को तत्काल हटाने को कहा गया। नाली निर्माण उपरांत ऊपर में स्लैब लगाने का काम किया जाए। गुणवत्ता का ध्यान रखे जाए। नपा सीएमओ से कहा गया कि जहां जहां निर्माण कार्य चल रहा है, उसकी मानिटरिंग नपा द्वारा बिलकुल नहीं हो रही है। सब इंजीनियर मौके पर नहीं जाते है, जिससे ठेकेदार लापरवाही और मनमानी करते है। स्वयं सीएमओ को भी स्थल पर पहुंचकर गुणवत्ता की जांच करने के लिए कहा। शहर में जहां पर निर्माण जारी है, वहां पर निर्माण के बाद पानी की क्यूरिंग नहीं की जा रही है, जिससे निर्माण कमजोर हो रहा है। जबकि, कांक्रीट के बाद बोरा बिछाकर पानी से क्यूरिंग होनी चाहिए। संबंधित ठेकेदार को नोटिस देकर जांच कराने तथा क्यूरिंग अगर ठेकेदार नहीं करता है तो नपा से कराने एवं ठेकेदार से वसूली करने की बात कहीं है।

## खबर संक्षेप



### मिर्जा एजाज बेग बने राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के सदस्य मिर्जा एजाज बेग को छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन ने शनिवार को अधिसूचना जारी की है। हज कमेटी अधिनियम 2002 की धारा 21 की उपधारा (1) में निहित प्रावधान अनुसार छग राज्य हज कमेटी के नामांकित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से हज कमेटी के अध्यक्ष पद पर मिर्जा एजाज बेग का चुनाव किया गया। उसके बाद राज्य शासन द्वारा अधिसूचना जारी कर उन्हें अध्यक्ष घोषित किया गया। जुमा नमाज के बाद हजरत गरीब नवाज मस्जिद संजय नगर के मुतवल्ली मोहम्मद अली एवं मस्जिद कमेटी के मेम्बरान तथा मुस्लिम समाज ने गर्मजोशी से श्री बेग का स्वागत किया। श्री बेग ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल एवं पार्टी के समस्त वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया है।

### 300 करोड़ का बिजली बिल और उस पर 50 करोड़ सरचार्ज

रायपुर। महापौर मीनल चौबे ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग सलाहकार समिति की बैठक में शामिल होकर नगर हित से जुड़े सुझावों को सामने रखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम



एक जनसेवी संस्था है, जिसका उद्देश्य मुनाफा कमाना नहीं है। विद्युत नियामक आयोग नगर निगम को ग्रास सब्सिडाइजेशन श्रेणी में न रखे और व्यावसायिक दर श्रेणी से बाहर रखे। अधिक बिल के कारण आवश्यक सेवाएं प्रभावित होंगी।

महापौर मीनल चौबे ने सवाल उठायाा कि 300 करोड़ का बिजली बिल और उस पर 50 करोड़ का सरचार्ज। क्या इसे यूजर चार्ज और संपत्ति कर के रूप में ही जनता की जेब से वसूलें? रायपुर नगर निगम की महापौर ने विद्युत नियामक आयोग सलाहकार समिति की बैठक में कहा कि नगर निगम जनसेवा का कार्य करती है।

### कर्मचारी की सतर्कता से उरला के संगीता फ्यूल्स में टला बड़ा हादसा

रायपुर। उरला स्थित संगीता फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों की मुस्तैदी और अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। 18 फरवरी की शाम लगभग 7.40 बजे दो युवकों की लापरवाही से अचानक आग भड़क उठी, जिसे पेट्रोल पंप के ऑटोमैटिक फायर फाइटिंग सिस्टम और प्रशिक्षित स्टाफ ने चंद सेकंड में नियंत्रित कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो युवक बाइक में ईंधन भराने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि दोनों नशे की हालत में थे। इसी दौरान उनमें से एक युवक ने सुरक्षा चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए लाइटर जला दिया। ईंधन भरते समय इस गैर-जिम्मेदाराना हरकत से बाइक की टंकी के पास हल्की आग भड़क उठी, जिससे मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया।

# बढ़ जाएंगी एमबीबीएस की ढाई सौ सरकारी सीटें, मेडिकल कालेजों में पढ़ाने वालों की व्यवस्था बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आने वाले दिनों में राज्य में ढाई सौ सीटें बढ़ने से एमबीबीएस की शासकीय सीटों की संख्या बढ़कर 1680 हो जाएगी। खुलने वाले पांच नए मेडिकल कालेजों में पढ़ाने के लिए कम से कम 100 चिकित्सा शिक्षकों की आवश्यकता होगी, जिनकी व्यवस्था बड़ा चैलेंज है। राज्य में अभी संचालित दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में 1123 शिक्षकों की कमी है।

इन्हें दूर करने संविदा भर्ती का ट्रिक काम नहीं कर रहा है और सीधी भर्ती की प्रक्रिया अधूरी है। स्वास्थ्य सुविधा को आसान बनाने के लिए हर जिले में चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की योजना पर काम किया जा रहा है। अभी राज्य के दस जिलों में शासकीय मेडिकल कालेज संचालित हो रहे हैं। आने वाले दिनों में कबीरधाम, मनेंद्रगढ़, जांजगीर-चांपा, गीदम और जशपुर जिले में नया कालेज खोलने की योजना पर काम पूरा किया जा रहा है। पचास-पचास सीटों के साथ शुरू होने वाले इन चिकित्सा महाविद्यालयों के साथ राज्य में एमबीबीएस सीटों की संख्या 1430 से बढ़कर 1680 हो जाएगी। सीट बढ़ने से ज्यादा विद्यार्थियों को मौका मिलेगा मगर इन्हें पढ़ाने के लिए चिकित्सा शिक्षकों की व्यवस्था करना विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। राज्य में अभी संचालित होने वाले मेडिकल कालेजों में वैसे तो 10 शासकीय कॉलेजों में वैसे तो 2058 चिकित्सा शिक्षकों का सेटअप है मगर उस पर काम करने वालों की संख्या 935 है और 1123 पद खाली पड़े है। चिकित्सा शिक्षकों की कमी को लेकर अक्सर एनएमसी द्वारा आपत्ति की जाती है। चिकित्सा शिक्षा विभाग शिक्षकों की इन कमियों को दूर करने के लिए लगातार संविदा पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू का आयोजन तो करता है, मगर भविष्य के लिए चिंतित डाक्टर इसके लिए ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाते। विभागीय स्तर पर चिकित्सा शिक्षा विभाग 125 असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती सीजीपीएससी के माध्यम से कर रहा है इसके लिए आवेदन तो बुलाए गए हैं मगर उनके साक्षात्कार के लिए अब तक तारीख घोषित नहीं की गई है।

**राज्य में 15 हो जाएगी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या, जरूरत न्यूतम 100 टीचरों की**

#### कुनकरी में नहीं है अस्पताल

सूत्रों के मुताबिक जशपुर जिले में चिकित्सा महाविद्यालय कुनकरी क्षेत्र में खोलना प्रस्तावित है और यहां से जिला अस्पताल काफी दूर है। एनएमसी के नियम के मुताबिक मेडिकल कालेज खोलने के लिए उससे संबंधित अस्पताल का होना अनिवार्य होता है। प्रदेश में संचालित कुछ चिकित्सा महाविद्यालय वहां के जिला अस्पताल की मदद से चल रहे हैं। विभागीय उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि अभी जशपुर जिले में चिकित्सा महाविद्यालय के जमीन का आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

#### संविदा चिकित्सक भी विरोध की तैयारी में



सूत्रों के मुताबिक चिकित्सा महाविद्यालयों में बड़ी संख्या में संविदा चिकित्सक कार्य कर रहे हैं। नियमित किए जाने की मांग के लिए वे कई बार विभागीय स्तर पर प्रयास कर चुके हैं मगर उन्हें सफलता नहीं मिली है। नियमित किए जाने के लिए उनके द्वारा विरोध प्रदर्शन के साथ न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी भी की जा रही है। संविदा चिकित्सकों का तर्क है कि नियमित नहीं मिलने की वजह से बेहतर विकल्प मिलते ही नौकरी छोड़ देते हैं और कालेजों को फैकल्टी की कमी की परेशानी से जूझना पड़ता है।

## विकसित छत्तीसगढ़ 2047 की ओर कैट की सशक्त पहल

# नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 में जबरदस्त ऑफर्स, एक ही स्थान पर उपयोग का हर समान, आकर्षण का केंद्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर इन दिनों राष्ट्रीय व्यापार का केंद्र बना हुआ है। कैट के नेशनल ट्रेड एक्सपो में प्रदेश के साथ ही देशभर के व्यापार एवं उद्योग जगत के ब्रांड एक मंच पर भव्यता के साथ नजर आए। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत उदघाटन के बाद शनिवार को नेशनल ट्रेड एक्सपो में जबरदस्त ऑफर्स की धूम रही। शंकर नगर बीटीआई मैदान में रायपुर को राष्ट्रीय व्यापारिक केन्द्र के रूप में सशक्त पहचान दिलाने परिसर को भव्य स्वरूप में सजाया गया है।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि ऐतिहासिक शुभारंभ के बाद दूसरे दिन और अधिक भव्यता, उत्साह एवं व्यापक सहभागिता के साथ एक्सपो ने अपनी अलग पहचान बनाई है। आयोजन में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा एवं रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अतिथियों ने एक्सपो परिसर का भ्रमण कर देशभर से आए व्यापारियों, उद्योगपतियों, उद्यमियों, स्टार्टअप प्रतिनिधियों एवं महिला उद्यमियों से संवाद किया, साथ प्रदर्शित उत्पादों एवं नवाचारों की सराहना की। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 जैसे आयोजन स्थानीय व्यापार, उद्योग एवं उद्यमिता को सशक्त बनाने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय व्यापारिक मानचित्र पर एक मजबूत पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह आयोजन वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की सोच को व्यवहारिक रूप प्रदान करता है।

#### देशभर से आए कंपनियों का प्रभावशाली प्रदर्शन

एक्सपो परिसर में लघु एवं मध्यम उद्योग, स्टार्टअप्स, महिला उद्यमिता, हस्तशिल्प, एफएमसीजी, फूड प्रोसेसिंग, टेक्नोलॉजी, ऑटोमोबाइल, ऊर्जा एवं औद्योगिक उत्पादों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया जा रहा है। देश के विभिन्न राज्यों से आए ब्रांड्स एवं कंपनियों की भागीदारी इसे व्यापारिक नेटवर्किंग एवं नए व्यावसायिक अवसरों का सशक्त मंच बना रही है। रविवार को होने वाले तीसरे दिन के कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरन सिंहदेव मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कैट के राष्ट्रीय वाईस चेयरमैन अमर परवानी ने बताया कि कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि विकसित छत्तीसगढ़ 2047 की दिशा में कैट का एक दूरदर्शी एवं ठोस प्रयास है, जो राज्य के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। विदित हो, कि 20 से 24 फरवरी तक चलने वाले इस राष्ट्रीय व्यापार महोत्सव का भव्य समापन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की गरिमामयी उपस्थिति में होगा।

# मार्च में छत्तीसगढ़ आएंगे राहुल गांधी, मनरेगा बचाओ संग्राम रैली में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी मार्च के दूसरे सप्ताह में छत्तीसगढ़ दौरे पर आने वाले हैं। इस दौरान वे धमतरी जिले में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी इस जनसभा में मनरेगा बचाओ संग्राम, जंगल कटाई, भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों पर जनता को संबोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी इसके लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज इसकी तैयारियों का जायजा लेने के धमतरी पहुंचे थे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चर्चा की। जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी की इस जनसभा में प्रदेश भर से 50 हजार से ज्यादा लोग जुटने वाले हैं, इसके लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

# डीएड अभ्यर्थियों ने अंगारों पर चलकर किया प्रदर्शन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों द्वारा सहायक शिक्षक भर्ती-2023 के रिक्त 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर चल रहा आमरण अनशन 60वें दिन शनिवार को भी जारी रहा। लंबे समय से शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस निर्णय न लिए जाने से अभ्यर्थियों में भारी आक्रोश है। अभ्यर्थियों का कहना है कि लगातार 60 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे अभ्यर्थियों की शारीरिक एवं मानसिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। शासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल न होने के कारण शनिवार को आंदोलनकारियों ने सामूहिक रूप से प्रतीकात्मक विरोध करते हुए आग जलाकर अंगारों पर चलकर प्रदर्शन



किया। केंद्रीय जेल में बंद डीएड अभ्यर्थियों का कहना है कि अगर हमें सहायक शिक्षक के 2300 पदों पर नियुक्ति नहीं दी जाती तो हम पूरे परिजनों के साथ डीएड अभ्यर्थी विधानसभा घेराव करते हुए सामूहिक गिरफ्तारी देकर जेल भरो आंदोलन करते हुए जेल में ही आमरण अनशन करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# 25 करोड़ की शासकीय जमीन निजी खाते में चढ़ाकर बेचने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड (ग्राम पुरैना) स्थित लगभग 25 करोड़ रुपए कीमत की शासकीय जमीन को तहसीलदार द्वारा निजी खाते में चढ़ाकर बेचे जाने का आरोप लगा है। यह आरोप सामाजिक कार्यकर्ता कुणाल शुक्ला ने लगाया है।

उन्होंने सोशल मीडिया में अपनी आईडी से एक मैसेज पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने एक नायब तहसीलदार ज्योति सिंह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने एक पूर्व मंत्री के लिए यह पूरा खेल खेला है। इधर तहसीलदार ने इस आरोप को पूरी तरह गलत बताते हुए कहा है कि जिस आर्डर की बात कही जा रही है, वह उसके कार्यकाल का ही नहीं है, क्योंकि यह कलेक्टर कोर्ट का आर्डर है और इसमें सिर्फ नक्शा सुधार नहीं हो पाया है।

#### शिकायत की जांच तक नहीं

कुणाल शुक्ला ने आरोप लगाया है कि वीआईपी रोड (ग्राम पुरैना) में खसरा नंबर 331 जमीन है, जो छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के नाम पर दर्ज है। इस जमीन का विधिवत सीमांकन कराया गया है, जिसमें पाया गया कि खसरा नंबर 331 में उसके दर्ज रकबे के अनुरूप भूमि मौजूद थी। इसी प्रकार खसरा नंबर 362/2 एवं 362/4 जो कुमारी पुजारी और दुर्गाबाई पुजारी के नाम पर दर्ज है, उनमें भी उनके रकबे से अधिक भूमि दर्ज पाई गई। इसके बावजूद आश्चर्यजनक रूप से खसरा नंबर 331 के नक्शे में से लगभग 1 एकड़ भूमि कम कर दी गई तथा भूमि खसरा नंबर 362/2 एवं 362/4 में जोड़ दी गई। इस तरह शासकीय भूमि के नक्शे को काटकर पुजारी परिवार की निजी भूमि में जोड़ कर बेच दी गई है।



# लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका मितानिन का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के जोरा क्षेत्र में आंगबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन और मितानिन ट्रेनर का सम्मान करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं की जनसेवा के प्रति समर्पण भावना को सराहनीय बताते हुए उन्हें साड़ी और श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद रेणु साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन दीदी समाज के सबसे महत्वपूर्ण कड़ी का काम करती हैं। ये बहनें शासकीय योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने के लिए सेतु का कार्य कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा, गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण के प्रति लोगों में जनजागरूगता, प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद देखभाल, नवजात शिशुओं की निगरानी, तथा कुपोषण की पहचान कर उचित मार्गदर्शन देने में इनकी अहम भूमिका रहती है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, पोषण आहार, वितरण, वजन और स्वास्थ्य की नियमित जांच जैसे कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

# उपभोक्ता न्याय को सशक्त बनाने में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एपी साही ने कार्यशाला में छत्तीसगढ़ सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा, राज्य सरकार उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तकनीकी एवं विधिक सुधारों की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में जागरूकता एवं तकनीकी पहलुओं के प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में तकनीकी, डिजिटल व्यवस्था, प्रक्रियात्मक सुधार और विधायी संशोधनों पर विस्तृत चर्चा की गई।

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने उपभोक्ता संरक्षण विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एपी साही, छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया, खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, मध्यप्रदेश, गोवा, बिहार, झारखंड उत्तरप्रदेश सहित आठ राज्यों के प्रतिनिधि एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**डिजिटल सुविधाओं के उपयोग पर जोर** : इस दौरान ई-जागृति, ई-फाइलिंग और ई-हियरिंग जैसी डिजिटल सुविधाओं के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया गया। इन व्यवस्थाओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को घर बैठे शिकायत दर्ज करने और सुनवाई में भाग लेने की सुविधा मिल रही है। उपभोक्ता न्याय को किफायती, पारदर्शी और त्वरित बनाने हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। सभी उपभोक्ता आयोगों में प्रक्रियात्मक एकरूपता लाने, मानकीकृत नियम एवं दिशानिर्देश अपनाने तथा केस मैनेजमेंट को सुव्यवस्थित करने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान शिकायत स्वीकृति की प्रक्रिया, उपभोक्ता आयोग के आर्थिक एवं क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार, शिकायत और जवाब दावा प्रस्तुत करने की समय-सीमा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को स्पष्ट किया।

## प्रभारी मंत्री ने कोसरिया मरार पटेल समाज बगौदराज के मुख्यालय भवन का किया उद्घाटन

# शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है : टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डांडेसरा(धमतरी)





कोसरिया मरार पटेल समाज बगौदराज का नवनिर्मित मुख्यालय भवन का उद्घाटन, मां शाकंभरी महोत्सव, वरिष्ठजन व प्रतिभा सम्मान समारोह सिहादभाठा भखारा में हुआ। मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा राजस्व मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज का विकास शिक्षा से ही संभव है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी ही नहीं, बल्कि विभिन्न क्षेत्र में सफल बनने का माध्यम भी है। बेटा-बेटी के शिक्षित होने से ही समाज मजबूत होगा। उन्होंने समाजजनों की मांग पर छात्रावास निर्माण के लिए 10 लाख रूपए प्रदान करने की घोषणा की। अति विशिष्ट अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद ने आधुनिक कृषि तकनीकी अपनाने पर जोर दिया। ओंकार साहू विधायक धमतरी ने कहा कि मरार पटेल समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। इस समाज के लोग मेहनतशील हैं। अध्यक्षता बगौदराज अध्यक्ष सियाराम पटेल ने की। उन्होंने कहा कि विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के लिए सुसज्जित एवं सर्व सुविधायुक्त भवन बनना एक बड़ी उपलब्धि है। मुख्यालय भवन बनने से निश्चित रूप से शैक्षिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं अन्य रचनात्मक क्षेत्र में विकास होगा। विशिष्ट अतिथि छग प्रदेश (को) मरार पटेल समाज के अध्यक्ष सुनील पटेल, संयोजक राजेंद्र नायक पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, ललित पटेल महासचिव, लीलार सिंह पटेल कोषाध्यक्ष, रामेश्वर पटेल, रानी पटेल महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, जितेन्द्र पटेल जिलाध्यक्ष धमतरी, धनेश्वर पटेल कुरूद तहसील अध्यक्ष, श्रीमती ज्योति जैन अध्यक्ष नगर पंचायत भखारा, सरिता बैस सरपंच सिहाद, नोहरसिंह पटेल संरक्षक बगौद राज, तुकाराम पटेल संरक्षक, वासुदेव पटेल उपाध्यक्ष, अर्जुन पटेल सचिव, विमल प्रकाश पटेल कोषाध्यक्ष ने भी सभा को संबोधित किया। मौके पर किशोर पटेल, देवनाथ पटेल, हुलासराम पटेल, हुमन पटेल, नारायण पटेल, हेमकुमार पटेल, तुलेंद्र पटेल, शीतल पटेल, योगेश, महेंद्र, भूपेंद्र पटेल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती लता पटेल समेत समाजजन मौजूद थे।

# कैट ने वित्तमंत्री को राज्य के आम बजट के लिए दिया सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी को छत्तीसगढ़ राज्य के आगामी आम बजट के लिए बिंदुवार सुझाव दिया है। इन प्रमुख सुझाव में ट्रेडर्स के लिए रियायती दर पर ऋण और मुख्यमंत्री मेरी दुकान योजना, व्यापारियों के लिए इंश्योरेंस और पेंशन योजना संबंधी सुझाव शामिल है। इसी तरह ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, मंडी शुल्क समाप्ति और कृषि उत्पादोंपर व्यापारिक भार को कम करने प्रदेश के वित्त मंत्री को सुझाव दिया है। छत्तीसगढ़ के आम बजट में व्यापारिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना - स्मार्ट बाजार, कमर्शियल सेक्टर के लिए सोलर सब्सिडी योजना, स्मार्ट टूरिज्म नीति और स्थानीय व्यापार को जोड़ने संबंधी सुझाव दिया है।

- मंडी शुल्क समाप्ति, कमर्शियल सेक्टर के लिए सोलर सब्सिडी योजना सहित अन्य सुझाव

## खबर संक्षेप



### सुना गया 'मन की बात' का 131वां प्रसारण

**पिथौरा (ग्रामीण)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 131वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण रविवार को ग्राम लाखागढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### ग्राम बरहेली का कल वार्षिक मेला

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम बरहेली में बहुप्रतीक्षित वार्षिक मेला 24 फरवरी से प्रारंभ होने जा रहा है। मेले को लेकर ग्राम पंचायत बरहेली के सरपंच, उपसरपंच, वार्डपंच एवं समस्त ग्रामीण पूरी तत्परता के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस वर्ष मेला खास इसलिए भी रहेगा क्योंकि पहली बार इसका आयोजन ग्राम पंचायत की निगरानी में संपन्न कराया जाएगा। मेले में आने वाले दुकानदारों के लिए ग्राम पंचायत द्वारा बिजली कनेक्शन की विशेष व्यवस्था की जा रही है और साथ ही पेयजल सुविधा भी सुनिश्चित की जाएगी ताकि व्यापारियों और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच, जिला राजनंदगांव की सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी।

**सभा : स्थानीय राजीव भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन**

# कांग्रेसियों ने तीन महान विभूतियों को पुण्यतिथि पर किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस ने कस्तूरबा गांधी, मौलाना आजाद, डॉ खूबचंद बघेल को पुण्य तिथि पर नमन किया। बताया गया कि इन विभूतियों ने भारत की स्वतंत्रता, शिक्षा और समाज सुधार में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। संयोगवश, इन तीनों महान विभूतियों की पुण्यतिथि 22 फरवरी को ही है। 22 फरवरी को उन तीनों महान विभूतियों की स्मृति में एक संयुक्त श्रद्धांजलि सभा राजीव भवन में आयोजित की गई।

श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने तीनों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पुष्प अर्पित कर की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने तीनों महान व्यक्तियों के जीवन परिचय बताया। कस्तूरबा गांधी (11 अप्रैल 1869–22 फरवरी 1944), जिन्हें प्यार से 'बा' कहा जाता था, ने न केवल महात्मा गांधी के हर संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया, बल्कि स्वयं भी स्वाधीनता आंदोलन में एक साहसी सत्याग्रही के रूप में अपनी अमिट पहचान बनाई। एक महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और नारी शक्ति की प्रतिमूर्ति और महात्मा गांधी की सहधर्मिणी थीं। उन्होंने न केवल गांधीजी के आदर्शों का समर्थन किया, बल्कि स्वयं भी सक्रिय राजनीति और समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिनका निधन 22 फरवरी 1944 को पुणे के आगा खान पैलेस में बंदी के रूप में हुआ था। उन्होंने स्वाधीनता संग्राम में गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया और जेल की यात्राएं सहीं। मौलाना अबुल कलाम आजाद (1888–1958) भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रख्यात विद्वान और स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री थे। उनका पूरा नाम अबुल कलाम गुलाम मुहियुद्दीन था, लेकिन वे आजाद उपनाम से प्रसिद्ध हुए। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे कम उम्र के अध्यक्ष (1923 में मात्र 35 वर्ष की आयु में) बने। उन्होंने विभाजन का कड़ा विरोध किया और संयुक्त भारत के समर्थक रहे। शिक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने आईआईटी, यूजीसी और साहित्य अकादमी जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों की स्थापना की। उनका मानना था कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण का मुख्य स्तंभ है। उनका जन्मदिन 11 नवंबर को भारत में 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उन्हें 1992 में मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजा गया।

कार्यक्रम को शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने भी संबोधित करते हुए कहा कि देश के लिए जीवन समर्पित करने वाले महान विभूतियों को केवल जयंती अथवा पुण्यतिथि पर याद करने के अलावा हमें भी मौका मिलने पर देश तथा देश की जनता के लिए उसी तरह समर्पित होने के लिए तैयार रहना है, जैसा अतीत में महान लोगों ने देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया था। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों का आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल ने किया। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, अन्नू चंद्राकर, संजय शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष दुर्गा सागर, पार्षद मुस्ताक खान विक्की, जसबीर ढिल्लो, भरत ठाकुर, सोनम बंसोड़, तबरेज खान, टोमन सिंह कागजी, नितेंद्र बेनर्जी, सोमेश दवे, तुलसी साहू, राजू साहू, हुल्लास गिरी गोस्वामी, सचिन गायकवाड, गौरव चंद्राकर, गोपी तारक, डॉ तरुण साहू, प्रदीप चंद्राकर, अक्षय साकरकर, देवेश शर्मा, सुनील चंद्राकर, राशि महिलांग, लोकेश मांझी, जावेद चौहान, जय पवार, बसंत चंद्राकर, लीलू साहू, मोती साहू, आशीष साहू, कुणाल मेश्राम, ओम मिश्रा, मदन भारतीय, भानू सोनी आदि उपस्थित रहे।




### छग राज्य निर्माण के प्रथम स्वप्नद्रष्टा थे डा. खूबचंद

डॉ. खूबचंद बघेल (19 जुलाई 1900–22 फरवरी 1969) छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रथम स्वप्नद्रष्टा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल चिकित्सक और प्रखर साहित्यकार थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन छत्तीसगढ़ की अस्मिता और यहां के किसानों-मजदूरों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्हें पृथक छत्तीसगढ़ राज्य की परिकल्पना करने वाले शुरुआती नेताओं में गिना जाता है। उन्होंने 1967 में रायपुर में छत्तीसगढ़ भ्रातृसंघ की स्थापना की, ताकि क्षेत्रीय एकता को मजबूत किया जा सके। महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़ दी और 1930 के नमक सत्याग्रह, 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की, जिसके लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ा। समाज में व्याप्त छुआछूत और भेदभाव को मिटाने के लिए उन्होंने 'पंक्ति तोड़ो आंदोलन' चलाया।

# पथर्री में सारथी समाज के सामुदायिक भवन के लिए किया गया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ घासी घसिया सहिस सारथी कल्याण समिति जिला इकाई महासमुंद अंतर्गत कौड़यि परिक्षेत्र विकासखंड पिथौरा के पथर्री ग्राम में प्रांताध्यक्ष केआर सागर के मुख्य आतिथ्य एवं अध्यक्षता जोहन लाल साहनी में वार्षिक बैठक आहूत की गई।

बैठक में परिक्षेत्र सामाजिक आय व्यय प्रस्तुत किया गया तथा आगामी वर्ष के लिए कार्ययोजना तैयार कर समाज को संगठित कर शिक्षा व रोजगार के साथ-साथ शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के लोगों को लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया गया। समाज द्वारा ग्राम पंचायत पथर्री को आवेदन देकर सारथी समाज के लिए भूमि की मांग की गई। उक्त मांग पर पंचायत द्वारा चंडी मंदिर परिसर पथर्री में ही सामाजिक भवन के लिए भूमि चिन्हित कर आबंटित किया गया है। आबंटित भूमि पर बैठक में सारथी समाज सामुदायिक भवन के लिए प्रांताध्यक्ष केआर सागर एवं उपस्थित समाजजन के करकमलों से भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए केआर सागर ने कहा कि सभी समाज का कहीं न कहीं एक सामाजिक भवन लगभग प्रत्येक ग्राम में बना हुआ है। जिसमें लोग बैठक शादी आदि सामाजिक कार्य संपन्न करते हैं। ऐसे ही हमारे समाज के लिए भी एक एक भवन ग्राम स्तर, विकासखंड, जिला स्तर पर जरूर होना चाहिए। इसी कड़ी में आज यह हमारे समाज के बहुत ही सुखद बात है कि ग्राम पथर्री में सारथी समाज के लिए सामाजिक भवन के लिए भूमिपूजन का कार्य हुआ। अब भवन निर्माण के लिए विधायक व सांसद से मांग करेंगे कि शासन द्वारा शीघ्र ही हमारे समाज के लिए एक सामाजिक भवन बनवाया जाए। साथ ही यथायोग्य समाजजन द्वारा भी आर्थिक व शाररिक सहयोग की अपेक्षा रहेगा। बैठक में महासमुंद जिला एवं सभी विकासखंड में सामाजिक सदस्यता अभियान चलाकर सभी विकासखंड में विधिवत संगठनात्मक निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से जिला इकाई को मजबूत एवं संगठित करने प्रस्ताव पारित किया गया। जिसके लिए शीघ्र ही निर्वाचन की अधिसूचना जारी किया जाएगा। बैठक में केआर सागर प्रांताध्यक्ष, जोहन लाल साहनी अध्यक्ष कौड़यि परिक्षेत्र, सुनील सोनवानी सचिव खल्लारी, डिगेश सागर सचिव सुवरमाल, रामेश्वर साहनी सचिव कौड़यि, इंदल साहनी उपाध्यक्ष, मनोज सेंद्रे कोषाध्यक्ष, संतोष साहनी पंच, तारा साहनी मौजूद रहे। संचालन सचिव रामेश्वर साहनी एवं आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष इंदल साहनी ने किया।

# विश्व चिंतन दिवस पर पिथौरा में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित




**95 स्काउट-गाइड्स की सहभागिता, शाला परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देश एवं जिला संघ महासमुंद के वार्षिक कार्यक्रमानुसार विकासखंड स्काउट्स एवं गाइड्स संघ पिथौरा के तत्वावधान में शासकीय बुनियादी शाला पिथौरा के सभागार में 22 फरवरी को विश्व चिंतन दिवस (विश्व संस्थापक दिवस) के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्काउटिंग के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल एवं उनकी पत्नी ऑलेव सेंट क्लेयर सोम्स के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में हुआ।

# शासकीय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव के द्वितीय दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह के द्वितीय दिवस पर पुरस्कार वितरण सह स्नेह सम्मेलन अत्यंत गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। सुसज्जित मंच, उत्साहित विद्यार्थियों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

प्राचार्य द्वारा उद्बोधन एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें महाविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों तथा सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रसंघ अध्यक्ष भूमिसूता वैष्णव ने विद्यार्थियों की ओर से मांग प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विकासोन्मुख सुझाव रखें।

इस अवसर पर सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं, प्रावीण्य सूची तथा छात्रसंघ में सक्रिय भूमिका निभाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों के उत्साह और आत्मविश्वास ने पूरे परिसर को गौरवान्वित कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनोहारी गीत एवं नृत्य ने कार्यक्रम में रंग भर दिए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का संचालन आकांक्षा पुरोहित ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. चंद्रिका चौधरी, सहायक प्राध्यापक हिंदी तथा आभार प्रदर्शन छात्र संघ अध्यक्ष भूमिसुता वैष्णव ने किया।



### सेंट विंसेंट पल्लोटी स्कूल में सर्व धर्म प्रार्थना का हुआ आयोजन

**सरायपाली।** भारत स्काउट्स एवं गाइडस स्थानीय संघ के तहत सेंट विंसेंट पल्लोटी हायर सेकंडरी स्कूल कुटेला में हमारी मित्रता थीम पर वर्ल्ड थिंकिंग डे के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। साथ ही संगठन की मूल भावनाओं को बताते हुए स्काउटिंग के संस्थापक लार्ड रॉबर्ट स्टीफेंसन स्मिथ बेडेन-पॉवेल (लार्ड बेडेन पॉवेल) एवं ओलेव सेंट क्लेयर बेडेन पॉवेल (लेडी बेडेन पॉवेल) की तैल्य छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजन अर्चन व दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित किया गया और जीवनवृत्त को सारगर्भित ढंग से बताया गया। कार्यक्रम में हायर सेकंडरी स्कूल केजुआ प्राचार्य सीएल पुहुप, सेंट विंसेंट पल्लोटी स्कूल प्राचार्य बरून कुमार, शोभा नायक, पूर्व सचिव/ वरिष्ठ स्काउटर हेमंत चौधरी, स्थानीय संघ सचिव यशवंत कुमार चौधरी, फ्लॉक लीडर पुष्पांजलि चौधरी, अमर कन्हेर, अविनाश तिग्गा, विकास बाघ, स्काउट नागेश्वर दीवान आदि मौजूद रहे।

# शिवाजी महाराज की जयंती पर जोगनीपाली में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर माता सावित्रीबाई फुले समूह द्वारा ग्राम जोगनीपाली पंचायत भवन में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों विशेषकर बुजुर्गों को नेत्र स्वास्थ्य संबंधी जांच एवं परामर्श उपलब्ध कराना था। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी आंखों की जांच कराई और चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। जरूरतमंदों को आगे के उपचार के लिए निःशुल्क अस्पताल भेजा गया। इस स्वास्थ्य शिविर में त्रिलोचन नेत्रालय के सहयोग से अनुभवी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। नेत्रालय की टीम ने आधुनिक



उपकरणों के माध्यम से आंखों की जांच कर ग्रामीणों को निःशुल्क परामर्श दिया।

इस अवसर पर माता सावित्रीबाई फुले समूह की अध्यक्ष एवं समाजसेविका अनिता चौधरी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज स्वराज की स्थापना करने वाले वीर योद्धा थे। उन्होंने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष कर समाज को स्वाभिमान और साहस का मार्ग दिखाया। उनके जन्मदिवस पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन कर हम उन्हें सेवा कार्य के माध्यम से सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने भविष्य में भी समूह द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण से जुड़े सेवा कार्य निरंतर किए जाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान माता सावित्रीबाई फुले समूह की सक्रिय सदस्याओं ने पूरे मनोयोग से शिविर की व्यवस्थाओं को संभाला। इस अवसर पर समूह की सदस्य शकुंतला चौधरी, यशोदा चौधरी, शुभल्या साहू, ममता चौहान, सेतकुमारी पटेल, यशोदा चौधरी सहित अन्य सदस्यों ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया। ग्रामीणों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि अक्सर दूरस्थ क्षेत्रों में नेत्र जांच जैसी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती, ऐसे में पंचायत भवन में शिविर का आयोजन होना बुजुर्गों और जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत साबित हुआ। कार्यक्रम के समापन पर आयोजक समिति द्वारा त्रिलोचन नेत्रालय की टीम, पंचायत प्रतिनिधियों तथा सभी सहयोगी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही यह संकल्प लिया गया कि आने वाले समय में भी स्वास्थ्य शिविर, जागरुकता अभियान और समाजसेवा के कार्य नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण व समाज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

# खट्टी में भाजपाइयों ने मनाया मुख्यमंत्री साय का जन्मदिन




**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खट्टी में भाजपा युवा मोर्चा महासमुंद ग्रामीण मंडल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से अनीता मोती मेहरा सरपंच ग्राम पंचायत खट्टी, कार्यक्रम के प्रभारी शुभम बाघ, मिथिलेश सिंह, प्रभा ध्रुवंशी, आरके शर्मा, रमेश शर्मा, श्रीकांत शर्मा, गजेंद्र साहू, भागीरथी मेहरा, राजू मिर्धा आदि उपस्थित रहे।




### पैंकरा कंवर समाज के वार्षिक अधिवेशन में प्रतिभावान छात्रों का हुआ सम्मान

**नर्रा।** पैंकरा कंवर समाज परिक्षेत्र नर्रा के अंतर्गत ग्राम धरमबांधा ओडिशा के समाजिक भवन में रविवार को वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। सर्वप्रथम भगवान श्रीराम जानकी की पूजा अर्चना की गई। पश्चात सामाजिक पदाधिकारियों का स्वागत गुलाल रोली चंदन से किया गया। इसके बाद सामाजिक चर्चा के बाद कोषाध्यक्ष द्वारा सालभर के ब्यौरा आय व्यय प्रस्तुत किया गया। इस अधिवेशन में माज के उत्कृष्ट अंक से प्राप्त करने वाले कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के प्रतिभावान विद्यार्थी दिनेश्वरी दीवान, बबिता कंवर, तारणी कंवर एवं सितु कंवर इत्यादि को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज प्रमुख अध्यक्ष धनश्याम दीवान, उपाध्यक्ष धनराज दीवान, कोषाध्यक्ष अमृतलाल दीवान, सचिव मेघराज दीवान, सहसचिव रामेश्वर दीवान, महामंत्री यादव दीवान, कार्यकरणी मूलसिंह दीवान, रेवाराम दीवान, युवा प्रकोष्ठ के दिनेश दीवान, राकेश दीवान, खामसिंह दीवान, ऑडिटर हरिचंद कंवर, सलाहकार लीलाधर दीवान समेत समाज के लोग उपस्थित रहे।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### झलप में श्याम फागुन महोत्सव कल

**झलप**। स्थानीय मिडिल स्कूल ग्राउंड में 24 फरवरी को श्याम परिवार झलप द्वारा श्याम फागुन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह संगीतमय एवं भक्तिमय कार्यक्रम शाम 7:15 बजे से प्रारंभ होगा। लगातार तीसरे वर्ष आयोजित हो रहे इस महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक परविंदर पलक (फतेहाबाद), विनय अग्रवाल (रायपुर), खगेश डडसेना (सरायपाली) तथा निर्मल म्यूजिकल ग्रुप दुर्ग अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियां देंगे। भजनों की मधुर स्वर लहरियां देर रात तक गूंजेंगी। श्रद्धालुओं के लिए रात्रि 10 बजे श्याम की रसोई (प्रसादी) की विशेष व्यवस्था भी की गई है।

### चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर**। लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने सांसद को ज्ञापन देकर जिला चिकित्सालय नेत्र विभाग में शराब पीकर महिला सुरक्षा गार्ड व लैब कर्मचारियों के साथ रात्रि मे शराब के नशे में धुत्त अभद्र व्यवहार एवं गाली-गलौज करने के कारण सहायक नोडल अधिकारी को उनके मूलपदस्थपना स्थान पर वापस भेजने की मांग की।

## निधन

### रेवाराम पटेल



**महासमुंद**। कुची, हरिनभट्ठा निवासी रेवाराम पटेल पिता स्व. बुधराम पटेल का 22 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम यात्रा 23 फरवरी को वर्तमान निवास स्थान सुभाष नगर वार्ड नं 22 से सुबह 10 बजे मुक्तिधाम भलेसर रोड के लिए निकलेगी। वे दीपक पटेल, शिक्षिका हेमलता मलिकर, किरण पटेल के पिता एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व वर्तमान पार्षद, जिला अध्यक्ष व पूर्व प्रदेश संयोजक मरार समाज पवन पटेल के ससुर थे।

# सेवा सदन संचालन के साल भर हुए पूरे, समाजसेवियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वरिष्ठजन (वृद्धजनों) की सेवा में समर्पित संस्था के एक साल पूरे होने पर संस्था द्वारा समाजसेवियों एवं सहयोगियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शहर के इमली भाठा में माता कौशल्या वेलफेयर फाउंडेशन (पंजीकृत संस्था) द्वारा संचालित वरिष्ठजन सेवा सदन में यह समारोह गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ।

समाजसेवियों ने यहां वरिष्ठजनों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया और बेहतर व्यवस्था के लिए संस्था के समर्पण पर आभार जताया। साथ ही आगामी दिनों में भी सहयोग बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर रायपुर, समोदा, आरंग, हतबंध, बलौदाबाजार, कसडोल, बागबाहरा, खल्लारी सहित स्थानीय लोगों की काफी संख्या में उपस्थिति रही। संस्था के संचालक मंडल ने समाजसेवियों और सहयोगियों का तिलक वंदन पश्चात सम्मानी भेंट की। आभार प्रदर्शन संस्था अध्यक्ष उषा साहू ने किया।





स्वयं सेवियों के सहयोग से संचालित वरिष्ठजन सेवा सदन का एक साल पूर्ण

इस अवसर पर वंदना औसर, सुषमा वर्मा, जयश्री सोनी, ठाकुर आंटी, रघुवीर सिंह चावला, नितिन श्रीवास्तव, बिन्नी शर्मा, सविता निषाद, अषवंत तुषार साहू, मानिक साहू, नंदू साहू, नरेंद्र कुमार साहू, डॉ. जितेंद्र साहू, प्रणित कुमार गुप्ता, सनत कुमार गुप्ता, राजू पाल, मनीषा पाल, जीवन दास मानिकपुरी, सिमर सिंह चावला, प्रफुल परमार को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया।

### कर्मवीरों का भी हुआ सम्मान

संस्था में निःस्वार्थ भाव के कार्य कर रहे सहयोगियों को भी उनकी मेहनत, लगन और निरंतरता के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें केयर टेकर सोहद्रा यादव, रसोइया रीना औसर, सहकर्मी कांति निर्मलकर एवं सहयोगी वेदराम यादव को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## प्रसारण : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम

# विधायक कार्यालय में 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण, भाजपा नेता रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 131वें एपिसोड का प्रसारण हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बूथ क्रमांक 215 बीटीआई शक्ति केंद्र विधायक कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, वरिष्ठ नेता रमेश साहू, मधु यादव, शरद मराठा, गोपी कन्नौजे सहित अन्य उपस्थित रहे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरुआत में देश को तीन मंत्र दिए। उन्होंने टेक्नोलॉजी, ऑर्गन डोनेशन और साइबर क्राइम पर बात की। उन्होंने एआई समिट को लेकर कहा कि समिट में उन्होंने दुनिया के लीडर्स को बहुत सी चीजें दिखाई। एआई की मदद से प्राचीन ग्रंथों को, पांडुलिपि को संरक्षित कर रहे हैं। एग्जीविशन के दौरान सुश्रुत संहिता का डिस्प्ले किया गया। इसे पढ़ने लायक टेक्स्ट में बदला गया। भारतीय और विदेशी भाषाओं में इसे बदला जा सकता है। साथ ही कहा कि एआई समिट में भारत की ताकत दुनिया के सामने आई। युवाओं में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को लेकर उत्साह बढ़ रहा है। टी20 वर्ल्ड कप के संदर्भ में कहा कि कई देशों में भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। उन्होंने बताया कि कनाडा टीम के कप्तान का जन्म गुरदासपुर में हुआ था। ये कनाडा के साथ-साथ भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं।

अमेरिका टीम के कप्तान मोनांक पटेल गुजरात अंडर 16-18 के लिए भी खेल चुके हैं। ओमान, इटली, यूएई की भी टीम में भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। आगे कहा कि देश में ऑर्गन डोनेशन की जरूरत है। उन्होंने केरल में हुए 10 महीने की बच्ची आलीन की मौत के लिए कहा कि उसके माता-पिता जिस पीड़ा से गुजर रहे होंगे उसे शब्दों में नहीं बताया जा सकता। माता-पिता ने आलीन के अंग दान का फैसला लिया। आलीन का नाम सबसे कम उम्र की ऑर्गन डोनेशन की लिस्ट में जुड़ गया है।

## नाचा गम्मत के लोक कलाकार रजीत को लोककला एवं संगीत रत्न अवार्ड से किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य के तत्वावधान में राम जानकी सामुदायिक भवन कुशालपुर रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण समारोह 2026 कार्यक्रम हुआ।

जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष व कका भतीजा नाचा गम्मत के संस्थापक एवं प्रदेश चक्रधारी कुम्हार समाज के युवा उपाध्यक्ष रजीत चक्रधारी को छत्तीसगढ़ के लोकविधा नाचा गम्मत, लोककला, संस्कृति, संगीत के प्रचार एवं विभिन्न प्रकार के लोक विधा के संरक्षण संवर्धन एवं उनके उत्थान के लिए सराहनीय कार्य के लिए डां. रामचंद्र देशमुख लोक कला एवं संगीत कला रत्न अवार्ड राज्य अलंकरण 2026 की मानक उपाधि से इस समारोह के मुख्य अतिथि डा. डीएस.तांडेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष समता साहित्य अकादमी भारत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शशांक शर्मा छग साहित्य विभाग कैबिनेट मंत्री समतुल्य व प्रांताध्यक्ष डा.सुरेश ठाकुर अकादमी छग के हाथों से उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।

### जोरातराई में तीन दिवसीय श्रीराम कथा के समापन कार्यक्रम में पहुंचे तुषार

**महासमुंद**। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जोरातराई में आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम कथा के समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। साहू ने कहा कि रामायण मुख्य रूप से सात कांडों (बालकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड, किष्किंधाकांड, सुंदरकांड, युद्धकांड और उत्तरकांड) में विभाजित है। महर्षि वाल्मीकि को आदिकवि कहा जाता है। वे पहले एक साधारण शिकारी थे जिनका नाम रत्नाकर था। जब वे देवर्षि नारद के संपर्क में आए, तो आत्मज्ञान प्राप्त कर लिया और गहन तपस्या की। उनके अंदर परिवर्तन इतना गहरा था कि वे वाल्मीकि (वल्मीक = दीमक का टीला) कहलाए, क्योंकि वे ध्यानस्थ स्थिति में इतने समय तक बैठे रहे कि उनके चारों ओर दीमकों का टीला बन गया। वाल्मीकि ने रामायण की रचना उस समय की जब राम स्वयं पृथ्वी पर थे। रामायण को आदिकाव्य कहा जाता है और यह संस्कृत में रचित है। इसमें लगभग 24, 000 श्लोक हैं। साथ में प्रमुख रूप से सरपंच चंपा रुपधर पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनमानी पटेल कागजी, सेवा राम, कर्मा सेना झलप मण्डल अध्यक्ष योगेश आदि उपस्थित रहे।



# भूतपूर्व सैनिक एवं नाचा गम्मत लोक कलाकार मोतीराम को समता साहित्य कला रत्न अवार्ड से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य के तत्वावधान में राम जानकी सामुदायिक भवन कुशालपुर रायपुर छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण 2026 भव्य समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के जिला महासमुंद कोषाध्यक्ष व भूले बिसरे नाचा गम्मत मोंगरापाली के संस्थापक मोतीराम पटेल को छत्तीसगढ़ के लोकविधा नाचा गम्मत के माध्यम से सामाजिक जन-जागरुकता लाने एवं समाज सेवा कार्य के लिए समता साहित्य कला रत्न अवार्ड से मुख्य अतिथि डा. डीएस तांडेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष समता साहित्य अकादमी, भारत एवं विशिष्ट अतिथि शशांक शर्मा छग साहित्य विभाग कैबिनेट मंत्री समतुल्य व प्रांताध्यक्ष डा. सुरेश ठाकुर अकादमी छग के हाथों में मोंमेटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



# केवि में पठन प्रोत्साहन सप्ताह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में प्राचार्य संजय कंसल के नेतृत्व में पीएमश्री योजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत पठन प्रोत्साहन सप्ताह का आयोजन किया गया। सत्र 2025-26 में 3 सप्ताह में इस गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम सप्ताह जुलाई, दूसरा सप्ताह अक्टूबर तथा तीसरा सप्ताह जनवरी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक वंदिनी जौहरी द्वारा प्रत्येक सप्ताह की अलग अलग योजना बनाई गई। जिसके अनुरूप प्राथमिक विभाग की शिक्षिका सोनिया द्वारा कक्षा 1 से 5 तक समस्त प्राथमिक विभाग के शिक्षकों के सहयोग से संचालित किया गया तथा कक्षा 6 से 8 में अंग्रेजी एवं हिंदी के भाषा शिक्षकों के सहयोग से पुस्तकालयाध्यक्ष वंदिनी जौहरी द्वारा सुनियोजित तरीके से आयोजन किया गया। इस योजना में कक्षा 1 से 8 तक 700 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन 21 फरवरी 2026 को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कर किया गया। विद्यालय के होनहार 304 बच्चों ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किए। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए प्रमाण पत्र के साथ पुस्तकें उपहार में दी गई। प्राचार्य ने बच्चों को और अधिक प्रभावी ढंग से प्रदर्शन करने के लिए अधिक से अधिक पुस्तके पढ़ने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में दशरथ यादव, भुनेश्वरी यादव, हिमाद्री चौहान, अभिषेक साहू, आर्यन, सोनिया, भूमिका, वीणा यादव, नीलमाधव सिंह, संस्कृति चंद्राकर, प्रवीण कुमार आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में एसके सिंह, रोहिता, कांता एक्का, जेके चंद्राकर तथा टीआर चंद्राकर मौजूद रहे।



# कथा विश्राम दिवस पर गीता पाठ, तुलसी वर्षा का आयोजन

## गुलाब बाड़ा बेमचा में मद् भागवत कथा का भक्तिमय कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बेमचा स्थित गुलाब बाड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस पर आठवें दिन भगवताचार्य दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर स्वामी राजीव लोचन दास ने दत्तात्रेय अवधूत उपाख्यान, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष के साथ भागवत के सार तत्वों का श्रवण श्रोताओं को कराया।





उन्होंने परीक्षित को शुकदेव जी महाराज द्वारा सुनाई गई कथा का वर्णन करते हुए कहा कि काम को जीत पाना अत्यंत कठिन है। काम के वश में आकर मनुष्य वह सब कर जाता है, जो उसे नहीं करना चाहिए। उन्होंने सत्संग के माध्यम से मनोदशा को स्थिर कर काम भावना को वश में करने की प्रक्रिया बताई। उन्होंने भगवान कृष्ण व सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने सुदामा के प्रेम पूर्वक लाए गए 2 मुट्ठी चावल के बदले उन्हें 2 लोगों का सारा वैभव प्रदान कर दिया। सुदामा जब द्वारिकापुरी पहुंचे तो संकोच वश वह भगवान से मिलने से कतरा रहे थे। लेकिन, भगवान ने स्वयं सुदामा के पास आकर उसका सत्कार किया। भगवान कृष्ण व सुदामा की मित्रता आज के परिदृश्य में यह संदेश देता है कि मित्रता में ऊँच-नीच, छोटा-बड़ा, धनवान-निर्धन का भेद नहीं होता। मित्रता प्रेम व विश्वास की नींव पर खड़ी एक पवित्र संबंध है। गीता पाठ, तुलसी वर्षा, अनुष्ठान के साथ श्रीमद् कथा का विश्राम हुआ। इस दौरान दाऊ स्व. गुलाब सिंह चंद्राकर परिवार के आयोजकगण द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, जानकी चंद्राकर, रमा चंद्राकर, संगीता राहुल चंद्राकर, निधि हर्ष चंद्राकर, आकांक्षा अनमोल चंद्राकर सहित ग्राम बेमचा व आसपास के ग्रामों सहित महासमुंद से भी बड़ी संख्या में श्रोता भक्त शामिल हुए।

# कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि पर स्वच्छता कार्यक्रम, बेलसोंडा हुआ प्लास्टिक मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं हमर भुइयां पर्यावरण संरक्षक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में कस्तूरबा पुण्यतिथि पर तीसरे चरण का स्वच्छता कार्यक्रम ग्राम बेलसोंडा में किया गया। नूरेन चंद्राकर ने बताया कि अभियान सुबह 7 बजे प्रारंभ हुआ।

सबसे पहले हॉस्टल परिसर एवं आसपास साफ सफाई की गई। बाद ग्राम पंचायत भवन परिसर, हाइवे के आसपास, बंधुआ तालाब, हाला बंद तालाब एवं गांव के चौक चौराहों एवं गांव के कूड़ादान को साफ किया गया आईएमए की वरिष्ठ चिकित्सक आदित्य हॉस्पिटल की डायरेक्टर एवं कस्तूरबा गांधी ट्रस्ट की प्रभारी डॉक्टर ज्योति कालीकोटी भी इस वृहद महाभियान का विगत 3 पखवाड़े से नेतृत्व कर रही हैं।



कार्यक्रम में कस्तूरबा ट्रस्ट के प्रभारी डॉ. ज्योति कालीकोटी, आयोजक संस्था हमर भुइयां छत्तीसगढ़ से नूरेन चंद्राकर, प्रायोजक संस्था इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) से डॉ. अरविंद गुप्ता, जनप्रतिनिधि भूतपूर्व जनपद सदस्य वाणी तिवारी, कुणाल चंद्राकर, ग्राम सरपंच प्रीति त्रिभुवन धीवर, पंचगण सहित आस्था सामाजिक संस्था से तुषार चंद्राकर, स्वान यूथ क्लब से ग्रंथ चोपड़ा, लक्ष्य यादव, हिमांशु साहू, राहुल साहू, बॉस्केटबाल संघ के चेयरपर्सन पंकज सोनी, आदित्य हॉस्पिटल स्टाफ द्वारिका साहू, सतीश औसर, यशवंत साहू, रमेश सिंह, यशोदा, प्रमिला मानिकपुरी, इंद्राणी साहू एवं गांव के बच्चे शामिल रहे।

